प्रोजेक्ट उद्भव

[स्रोत : पी.आई.बी](#)

हाल ही में भारतीय सेना ने यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (USI) के साथ साझेदारी में **प्रोजेक्ट उद्भव** के हिस्से के रूप में एक हाइब्रिड-पैनल चर्चा शुरू की।

- यह चर्चा **"भारतीय सैन्य प्रणालियों का विकास, युद्ध और रणनीतिक सोच: वर्तमान अनुसंधान एवं भविष्य की दिशाएँ"** पर केंद्रित थी।

प्रोजेक्ट उद्भव:

- प्रोजेक्ट उद्भव भारतीय सेना द्वारा **राज्य कला, युद्ध कला, कूटनीति और भव्य रणनीति के प्राचीन भारतीय ग्रंथों से प्राप्त राज्य कला एवं रणनीतिक विचारों की गहन भारतीय** विरासत **को फिर से खोजने** के लिये शुरू की गई एक पहल है।
    - **यह स्वदेशी सैन्य प्रणालियों, ऐतिहासिक ग्रंथों, क्षेत्रीय ग्रंथों एवं राज्यों, विषयगत अध्ययन और जटिल कौटिल्य अध्ययन सहित व्यापक स्पेक्ट्रम पर केंद्रित है।**
    - अपने मूल में प्रोजेक्ट उद्भव ऐतिहासिक और समकालीन को जोड़ने का प्रयास करता है।
- यह परियोजना ऐतिहासिक आख्यानों की पुनः खोज से परे है; **इसका उद्देश्य** भारत की बहुमुखी दार्शनिक और सांस्कृतिक विरासत में गहराई से निहित **एक स्वदेशी रणनीतिक शब्दावली विकसित करना है।**
    - इसका अंततः उद्देश्य प्राचीन ज्ञान को आधुनिक सैन्य **शिक्षाशास्त्र** में एकीकृत करना है, जिससे भारतीय सेना आज के जटिल रणनीतिक परिदृश्य में सदियों पुराने सिद्धांतों से सीख ले सके।
- प्रोजेक्ट उद्भव के संबंध में, USI **21 और 22 अक्तूबर, 2023 को एक सैन्य विरासत महोत्सव आयोजित** करेगा।

यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया:

- USI नई दिल्ली, भारत में स्थित एक **राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा सेवा थिंक टैंक** है।
    - इसका उद्देश्य **"रक्षा सेवाओं की कला, विज्ञान एवं साहित्य में रुचि और ज्ञान को बढ़ावा देना"** है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1870 में एक सैनिक विद्वान **कर्नल (बाद में मेजर जनरल) सर चार्ल्स मैकग्रेगर ने की थी।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/project-udbhav